>

Title: Reported blast and death of 20 persons in Rajasthan Explosive Chemical Limited and Ideal Explosives Pvt. Ltd. in Singrauli district of Madhya Pradesh.

*m01

श्री प्रदीप माझी (नवरंगपुर): महोदय, इस महीने की पांच तारीख को मध्य प्रदेश के संगरूली डिस्ट्रिक में राजस्थान एक्सपलोसिव और आईडियल एक्सपलोसिव में दो धमाके हुए। यहां नार्दन कोल फील्ड के लिए बारूद बनता है। मैंने जब अखबार में पढ़ा तो स्वयं वहां जाकर जायजा लिया। धमाके के समय 21 लोग काम कर रहे थे, जिसमें से 19 लोगों की मृत्यु हो गई। केवल एक आदमी की ही लाश मिली, बाकी सभी के चिथड़े उड़ गए। छोटे से लैण्ड माइन के ब्लॉस्ट से ही बहुत से लोगों की जान चली जाती है। आप स्वयं सोच सकते हैं कि जब दो बड़ी फैक्ट्रियों में ब्लॉस्ट होगा तो कितना बड़ा धमाका हुआ होगा। राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस बात को इसलिए छिपा रहे हैं, क्योंकि जब इन दोनों फैक्ट्रियों को लाइसेंस दिया गया था, उसमें नियम के मुताबिक फैक्ट्री के आस-पास तीन किलोमीटर के एरिया में रेजीडेंशियल एरिया नहीं होना चाहिए। लेकिन वहां से तीस मीटर की दूरी पर ही रेजीडेंशियल एरिया है। उस दिन रविवार था, इसलिए ज्यादा लोगों की जान नहीं गई। इसकी इनक्वायरी के लिए प्रिंसीपल सैक्रेटरी को नियुक्त किया गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवदेन है कि इसकी जांच किसी रिटायर्ड जज से करवायी जाए। धन्यवाद।